कोलकाता, शनिवार
6.08.2022

# प्रभात खबर

अखबार नहीं आंदोलन

prabhatkhabar.com

कोलकाता । रांची । पटना । जमशेदपुर । धनबाद । देवघर । मुजफ्फरपुर । भागलपुर से प्रकाशित

पेज 06





# डीपीएस आसनसोल ने मनायी तुलसी जयंती



**आसनसोल.** महाकवि गोस्वामी तुलसीदास की जयंती के अवसर पर दिल्ली पब्लिक स्कूल आसनसोल में छात्रों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर आधारित विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन कर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किये. कार्यक्रम का शुभारंभ तुलसीकृत श्रीराम वंदना 'श्रीरामचंद्र कृपालु भजमन......के गायन से हुआ. तुलसी का सत्साहित्य लोकप्रिय है, जिसमें समाज के लगभग हर एक वर्ग के रेखांकन की सूक्ष्मता को अत्यंत पैनी एवं गंभीर दृष्टि से देखा जा सकता है. उनके इसी साहित्य-सागर से चौपाइयों के कुछ सुमन चुन छात्रों ने अत्यंत मधुर स्वर में गायन द्वारा विद्यालय परिसर को सुवासित कर दिया. राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद को लघु नाटिका के माध्यम से छात्रों ने अत्यंत मनमोहक रूप में प्रस्तुत कर दर्शकों को मंत्र-मुग्ध कर दिया. प्रधानाचार्य आर.डी. शर्मा ने सभी को तुलसी जयंती की शुभकामनाएं दीं. महाकवि गोस्वामी तुलसीदास के बताये मार्ग पर चलने का आह्वान भी किया. उन्होंने कहा कि कवि तुलसीदास जी ने अपनी दिव्य-दृष्टि और महान विचारों के माध्यम से अपनी रचनाओं के द्वारा लोगों को एक आदर्श जीवन जीने के लिए प्रेरित किया, साथ ही उन्हें एक नई सोच और अनुभव के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा भी दी. उन्होंने प्रभु श्रीराम को न केवल एक ईश्वर के रूप में प्रस्तुत किया बल्कि उनके माध्यम से यह संदेश भी हम तक पहुंचाया कि किस प्रकार मर्यादित रहते हुए भी विकटतम समस्याओं का सामना किया जा सकता है.